

# संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन

## भविष्य ज्ञान ज्योति राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2022-23

## स्तर : विद्यालय

**समय : 2 घण्टे 30 मिनट** **प्रश्नों की संख्या : 150** **पूर्णांक : 150**

**निर्देश (Instruction) :**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है। प्रतिभागी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
5. गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंकन नहीं** होगा।

---

**1. 'परोपकार' में कौनसी संधि है?**
(A) दीर्घ संधि (B) वृद्धि संधि
(C) गुण संधि (D) यण संधि

**2. घनश्याम में कौनसा समास है?**
(A) द्वन्द्व समास (B) अव्ययी भाव समास
(C) तत्पुरुष समास (D) बहुब्रीहि समास

**3. 'प्रति' उपसर्ग से कौनसा शब्द बना है?**
(A) प्रबल (B) प्रयत्न
(C) प्रत्यक्ष (D) पराजय

**4. 'गवैया' शब्द में कौनसा प्रत्यय है?**
(A) इया (B) ऐया
(C) एया (D) ईया

**5. 'भौंरा' शब्द का पर्यायवाची शब्द है—**
(A) शिलीमुख (B) सारंग
(C) पादप (D) केकी

**6. 'आविर्भाव' का विलोम शब्द है—**
(A) विभाव (B) साविर्भाव
(C) तिरोभाव (D) भाव

**7. 'जहाँ पहुँचा ना जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा—**
(A) अगोचर (B) गम्य
(C) अगम्य (D) अक्षम्य

**8. निम्न में से कौनसा शब्द शुद्ध है?**
(A) कवियत्री (B) श्रीमति
(C) वाल्मीकि (D) व्यवहारिक

**9. 'ईंट से ईंट बजाना' मुहावरे का सही अर्थ है—**
(A) हरा देना (B) कड़ा मुकाबला करना
(C) लड़ाई करना (D) अत्यधिक आवाज करना

**10. किस शब्द का अर्थ 'राजपत्रित' होता है—**
(A) Government (B) Gazetted
(C) Grivience (D) Gradation

**11. Choose the correct form of the verb—**
**Vimal .......... (play) cricket when I saw him.**
(A) Played (B) Is playing
(C) Was playing (D) Had played

**12. Choose the correct model—**
**You .......... wear helmet while driving a two wheeler.**
(A) can (B) should
(C) must (D) would

**13. Choose the correct passive voice of following sentence—**
**Open the window.**
(A) The window be opened.
(B) Let the window be opened.
(C) The window should be opened.
(D) The window will be opened.

**14. Choose the correct narration (Reported Speech) of following sentence—**
**Vijay said to Mohan, "Where do you live?"**
(A) Vijay asked Mohan that I lived.
(B) Vijay told Mohan that where he lived.
(C) Vijay asked Mohan where he lived.
(D) Vijay asked Mohan If he lived.

**15. Fill the blanks with a verb in agreement with its subject—**
**Rakesh .......... a doctor.**
(A) am (B) is
(C) are (D) None

**16. Choose the correct Pronoun—**
**She has a cow .......... gives ten litre milk.**
(A) which (B) who
(C) whom (D) whose

**17. Choose the correct conjunction—**
**I .......... Mukesh am absent.**
(A) and (B) as well as
(C) although (D) thouse

**18. Frame a question — 'I can speak English.'**
(A) Am I speak English?
(B) Can I speak English?
(C) What can you speak English?
(D) Can you speak English?

**19. Make a question tag—**
**My sister can do it, ..........?**
(A) Isn't she (B) can't she
(C) doesn't she (D) can't he

**20. Choose appropriate word for the group of the words—**
**A person who knows everything.**
(A) Theist (B) omniscient
(C) centenarian (D) polyglot

**21. यदि दो पासों को एक साथ फेंका जाता है तो दोनों पासों पर एक ही संख्या प्राप्त होने की प्रायिकता होगी—**
(A) $\frac{5}{6}$ (B) $\frac{1}{12}$
(C) $\frac{1}{6}$ (D) $\frac{5}{36}$

**22. बंटन 1, 3, 2, 5, 9 की माध्यिका (Median) होगी—**
(A) 4 (B) 20
(C) 5 (D) 3

**23. 6 सेमी. भुजा वाले घन का आयतन होगा—**
(A) 36 वर्ग सेमी (B) 216 घन सेमी
(C) 216 वर्ग सेमी (D) 72 घन सेमी

**24. दो अंकों की सबसे बड़ी अभाज्य संख्या है—**
(A) 19 (B) 93
(C) 99 (D) 97

**25. समान्तर श्रेणी 3, 6, 9, 12, 15 .......... का 21वाँ पद होगा—**
(A) 63 (B) 73
(C) 93 (D) 65

**26. $\cos A = \frac{4}{5}$ हो तो tan A का मान कितना होगा?**
(A) $\frac{5}{4}$ (B) $\frac{3}{4}$
(C) $\frac{3}{5}$ (D) $\frac{5}{3}$

**27. किसी समय एक 6 मीटर ऊँची दीवार की परछाईं $2\sqrt{3}$ मीटर लम्बी है। उस समय सूर्य का उन्नयन कोण कितना होगा?**
(A) 30° (B) 45°
(C) 90° (D) 60°

**28. किसी वर्ग का परिमाप 20 सेमी है तो उसका क्षेत्रफल कितना होगा?**
(A) 20 वर्ग सेमी. (B) 25 वर्ग सेमी.
(C) 25 घन सेमी. (D) 30 वर्ग सेमी.

**29. घास के मैदान में 7 मीटर लम्बी रस्सी से बाँधी गयी गाय कितने क्षेत्रफल की घास को चर सकेगी?**
(A) 49 मीटर (B) 154 वर्ग मीटर
(C) 49 वर्ग मीटर (D) 98 वर्ग मीटर

**30. एक चतुर्भुज के चार कोणों का अनुपात क्रमशः 3 : 4 : 5 : 6 है तो चतुर्भुज के सबसे बड़े कोण का मान होगा—**
(A) 60° (B) 90°
(C) 120° (D) 180°





**31. एक निश्चित कूट भाषा में VICTORY को XGERQPA के रूप में लिखा जाता है। उस भाषा में KINDLE को कैसे लिखा जाएगा?**
(A) MGPBNC (B) BEDRVH
(C) MGPFNC (D) SOWNEQ

**32. दी गई अंक शृंखला में एक सम संख्या के पहले और एक विषम संख्या के बाद कितने 8 हैं?**
**3 8 2 5 8 3 2 8 3 2 8 2 7 8 4 8 5 6 8 7 8 4 2 8 6**
(A) पाँच (B) चार
(C) तीन (D) दो


**33. P, Q का पिता और R का दादा है, जो S का भाई है। S की माँ T, V से विवाहित है। T, Q की बहन है तो V का P से क्या संबंध है?—**
(A) भतीजा (B) साला
(C) पुत्र (D) दामाद

**34. एक पक्षी उत्तर की ओर 40km तक उड़ता है, फिर पूर्व की ओर मुड़ जाता है और 50km तक उड़ता है, फिर उत्तर की ओर मुड़ जाता है 110 km तक उड़ता है और अपनी बाईं ओर मुड़ता है और 50 km तक उड़ता है। वह अपनी प्रारंभिक स्थिति से अब कहाँ है?**
(A) 150 km दक्षिण (B) 150 km उत्तर
(C) 70 km उत्तर (D) 70 km दक्षिण

**35. निम्न में से कौन-सा आरेख तांबा, धातु और लोहा के बीच सम्बन्ध को सही रूप में दर्शाता है?**

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

**36. दी गई आकृति में कुल कितने त्रिभुज हैं?**



(A) 18 (B) 16
(C) 8 (D) 20

**37. निम्न विकल्पों मे से कौनसा वर्ण मूलवर्णमाला का दर्पण प्रतिबिम्ब नहीं है?**
(A) W (B) X
(C) Y (D) Z

**38. निम्नलिखित में से कथन के कौनसे निष्कर्ष सही हैं—**
**कथन - एक नौकरी के लिए केवल परिश्रमी और बुद्धिमान उम्मीदवार पर विचार किया जाएगा।**
**'शिखा को यह नौकरी दी गई है।'**
**निष्कर्ष - I शिखा परिश्रमी है।**
**II शिखा बुद्धिमान है।**
(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(D) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**39. नीचे दिए गए कथन (A) तथा कारण (R) के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।**
**कथन (A) – टीके बीमारियों को रोकते हैं।**
**कारण (R) – टीके बच्चों को दिये जाने चाहिए।**
(A) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सत्य हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सत्य है परन्तु R असत्य है।
(D) दोनों असत्य हैं।

**40. 5 जून, 2021 को शनिवार था तो 5 जून, 2022 को कौनसा वार होगा?**
(A) शनिवार (B) रविवार
(C) सोमवार (D) मंगलवार

**41. फ्रांस की क्रान्ति की 'बाइबिल' किसे कहा जाता है?**
(A) सोशल कान्ट्रेक्ट (B) द प्रिंस
(C) पॉलिटिक्स (D) दास कैपिटल

**42. 'रूस की क्रान्ति' कब हुई?**
(A) 1925 (B) 1817
(C) 1917 (D) 1856

**43. प्रथम विश्व युद्ध में कौनसा देश धुरी राष्ट्रों के खेमे में शामिल नहीं था?**
(A) पोलैण्ड (B) इटली
(C) जर्मनी (D) जापान

**44. 'नाटो' की स्थापना कब हुई?**
(A) 1945 (B) 1939
(C) 1949 (D) 1942

**45. विश्व का सबसे बड़ा महासागर है—**
(A) प्रशान्त महासागर (B) हिन्द महासागर
(C) अटलांटिक महासागर (D) उत्तरी ध्रुव महासागर

**46. राजस्थान सरकार द्वारा आमजन को सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में 10 लाख रु. तक का नि:शुल्क इलाज हेतु कौनसी योजना लागू की गई है?**
(A) अनुप्रिति योजना (B) चिरंजीवी योजना
(C) कन्यादान योजना (D) पालनहार योजना

**47. राजस्थान में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक-2022 का शुभारम्भ माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कहाँ किया गया?**
(A) पाल गांव (जोधपुर) (B) सामतिपुरा (जालोर)
(C) जेतपुर (पाली) (D) पचपदरा (बाड़मेर)

**48. वर्तमान में राजस्थान की मुख्य सचिव कौन है?**
(A) नम्रता वृष्णि (B) टीना डाबी
(C) उषा शर्मा (D) आरुषि मलिक

**49. अवनी लेखरा का संबंध किस खेल से है?**
(A) निशानेबाजी (B) घुड़सवारी
(C) डिस्कस थ्रो (D) बैडमिंटन

**50. भारत के नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?**
(A) जयपुर (B) सीकर
(C) झुंझुनू (D) नागौर

**51. भारत की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति कौन बनीं?**
(A) प्रतिभा सिंह (B) मीरा कुमार
(C) द्रोपदी धनखड़ (D) द्रोपदी मुर्मू

**52. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?**
(A) राजनाथ सिंह (B) अमित शाह
(C) नरेन्द्र मोदी (D) अश्विनी वैष्णव

**53. हाल ही में कुनू अभयारण्य में किस देश से चीते लाकर छोड़े गये हैं?**
(A) दक्षिण अफ्रीका (B) नामीबिया
(C) फ्रांस (D) यूक्रेन

**54. हाल ही में किस देश ने पाकिस्तान को हराकर T-20 एशिया कप क्रिकेट जीता है?**
(A) भारत (B) बांग्लादेश
(C) श्रीलंका (D) अफगानिस्तान

**55. पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?**
(A) योगी आदित्यनाथ (B) अरविन्द केजरीवाल
(C) नीतिश कुमार (D) भगवंत मान

**56. संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?**
(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (B) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा
(C) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (D) वी.टी. कृष्णमाचारी

**57. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में अब तक कितनी बार संशोधन हुआ है?**
(A) एक बार
(B) दो बार
(C) तीन बार
(D) एक बार भी नहीं, क्योंकि यह संविधान के मूलभूत ढांचे में आता है

**58. किसी व्यक्ति के मूल अधिकारों के उल्लंघन पर रिट जारी करने की शक्ति किसे प्राप्त है?**
(A) केवल सर्वोच्च न्यायालय को
(B) केवल उच्च न्यायालय को
(C) सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय दोनों को
(D) राष्ट्रपति, सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय तीनों को

**59. किस संविधान संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में मूल कर्त्तव्य जोड़े गए?**
(A) 42वें संविधान संशोधन द्वारा
(B) 44वें संविधान संशोधन द्वारा
(C) 52वें संविधान संशोधन द्वारा
(D) 86वें संविधान संशोधन द्वारा

**60. भारतीय संविधान में नीति निर्देशक तत्व किस देश से लिए गए हैं?**
(A) इंग्लैण्ड (B) फ्रांस
(C) आयरलैण्ड (D) अमेरिका

**61. राष्ट्रपति के निर्वाचन मण्डल में सम्मिलित हैं—**
(A) लोकसभा सदस्य (B) राज्यसभा सदस्य
(C) विधानसभा सदस्य (D) उपर्युक्त सभी

**62. संसद के कुल कितने अंग हैं?**
(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) एक

**63. निम्नलिखित में से कौनसा विषय समवर्ती सूची का है?**
(A) शिक्षा (B) पुलिस
(C) बैंकिंग (D) कृषि

**64. किस संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा दिया गया?**
(A) 73वें (B) 74वें
(C) 75वें (D) 76वें

**65. भारतीय संविधान में संशोधन करने की शक्ति किसे प्राप्त है?**
(A) प्रधानमंत्री व मंत्रिपरिषद को
(B) सर्वोच्च न्यायालय को
(C) संसद को
(D) प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति को

**66. सिंधु घाटी सभ्यता का प्रथम खोजा गया स्थल कौनसा था?**
(A) मोहनजोदड़ो (B) धौलावीरा
(C) गनेरीवाला (D) हड़प्पा

**67. निम्न में से किस वेद से भारतीय संगीत का जन्म माना जाता है?**
(A) ऋग्वेद (B) सामवेद
(C) यजुर्वेद (D) अथर्ववेद

**68. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिया जिसे धर्मचक्रप्रवर्तन की संज्ञा दी जाती है?**
(A) लुम्बिनी (B) सारनाथ
(C) वैशाली (D) श्रावस्ति

**69. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के बचपन का नाम क्या था?**
(A) सिद्धार्थ (B) वर्धमान
(C) राहुल (D) शुद्धोदन

**70. 1857 की क्रान्ति के समय दिल्ली पर किस मुगल बादशाह का शासन था?**
(A) आलमगीर द्वितीय (B) शाहआलम द्वितीय
(C) अकबर द्वितीय (D) बहादुरशाह द्वितीय

**71. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?**
(A) ए. पांडुरंग – प्रार्थना समाज
(B) दयानंद – आर्य समाज
(C) राजा राममोहन राय – आदि ब्रह्म समाज
(D) विवेकानंद – रामकृष्ण मिशन

**72. 'गुलामगिरी' का लेखक कौन था-?**
(A) अम्बेडकर (B) महात्मा गांधी
(C) पेरियार (D) ज्योतिबा फुले

**73. शेर-ए-पंजाब के नाम से इनमें से कौन मशहूर थे?**
(A) राजगुरु (B) भगतसिंह
(C) लाला लाजपत राय (D) उधम सिंह

**74. निम्न में से सुमेलित नहीं है—**
(A) साइमन कमीशन – 1925
(B) मार्ले मिंटो सुधार – 1909
(C) सांप्रदायिक पंचाट – 1932
(D) सूरत कांग्रेस विभाजन – 1907

**75. कौनसी योजना भारतीय स्वतंत्रता का आधार बनी?**
(A) क्रिप्स योजना (B) वेवेल योजना
(C) माउंटबेटन योजना (D) इनमें से कोई नहीं

**76. निम्नलिखित भारतीय राज्यों में से किस राज्य से होकर कर्क रेखा नहीं गुजरती है?**
(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्य प्रदेश
(C) गुजरात (D) झारखण्ड

**77. कौनसी नदी बंगाल की खाड़ी अपवाह तंत्र का भाग नहीं है?**
(A) महानदी (B) गोदावरी
(C) नर्मदा (D) कावेरी

**78. गलवान घाटी हाल ही में (2020) भारत व चीन के बीच विवादित रही, जो स्थित है—**
(A) लद्दाख (B) सिक्किम
(C) अरुणाचल प्रदेश (D) उत्तराखण्ड

**79. 2011 की जनगणना अनुसार भारत का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?**
(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्य प्रदेश
(C) राजस्थान (D) महाराष्ट्र

**80. कोलार की खान ( कर्नाटक ) किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?**
(A) चाँदी (B) यूरेनियम
(C) थोरियम (D) सोना

**81. भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?**
(A) उत्तराखण्ड (B) मध्य प्रदेश
(C) पश्चिमी बंगाल (D) गुजरात

**82. 'प्रोजेक्ट टाइगर' के नाम से बाघ संरक्षण कार्यक्रम इनमें से किस वर्ष से प्रारंभ किया गया?**
(A) 1975 (B) 1983
(C) 1973 (D) 1978

**83. किस शहर को भारत का मैनचेस्टर कहा जाता है?**
(A) मुम्बई (B) अहमदाबाद
(C) जयपुर (D) लखनऊ

**84. विश्व की सबसे प्राचीनतम पर्वतमाला है—**
(A) अरावली (B) हिमाचल
(C) हिमालय (D) विंध्याचल

**85. निम्न में से कौनसा गैर परम्परागत ऊर्जा स्रोत नहीं है?**
(A) सौर ऊर्जा (B) पवन ऊर्जा
(C) बायो गैस (D) पेट्रोलियम गैस

**86. देश की बैंकिंग प्रणाली पर नियंत्रण करने वाला बैंक है—**
(A) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (B) विश्व बैंक
(C) भारतीय रिजर्व बैंक (D) पंजाब नेशनल बैंक

**87. निम्न में से भारत का निर्धनतम राज्य कौनसा है?**
(A) राजस्थान (B) छत्तीसगढ़
(C) उड़ीसा (D) उत्तर प्रदेश

**88. भारत की GDP में सर्वाधिक योगदान किस क्षेत्र का है?**
(A) कृषि क्षेत्र (B) सेवा क्षेत्र
(C) उद्योग एवं विनिर्माण क्षेत्र (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89. मानव विकास सूचकांक का प्रकाशन करने वाली संस्था है—**
(A) UNO (B) UNDP
(C) IMF (D) World Bank

**90. अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र में शामिल नहीं है—**
(A) कृषि (B) पशुपालन
(C) खनन (D) व्यापार

**91. आहड़ सभ्यता किस नदी के किनारे स्थित है?**
(A) यमुना (B) आयड़
(C) चम्बल (D) लूनी

**92. बागोर सभ्यता का केन्द्र किस जिले में स्थित है?**
(A) जयपुर (B) भरतपुर
(C) उदयपुर (D) भीलवाड़ा

**93. चौहान राजवंश का संस्थापक शासक है—**
(A) वासुदेव (B) अर्णोराज
(C) सोमेश्वर (D) पृथ्वीराज द्वितीय

**94. जैसलमेर का प्राचीन नाम था?**
(A) माड (B) हाड़ौती
(C) बागड (D) शेखावाटी

**95. कालीबंगा राजस्थान के किस जिले में स्थित है?**
(A) सीकर (B) जयपुर
(C) श्रीगंगानगर (D) हनुमानगढ़

**96. मुगल अधीनता स्वीकार करने वाला राजस्थान का पहला राजपूत शासक कौन था?**
(A) भगवन्तदास (B) भारमल
(C) कल्याणमल (D) उदयसिंह

**97. अकबर का प्रसिद्ध 'नागौर दरबार' किस वर्ष आयोजित किया?**
(A) 1572 (B) 1578
(C) 1570 (D) 1672

**98. राजस्थान के पाँच पीरों मे कौनसे लोकदेवता शामिल नहीं हैं?**
(A) गोगाजी (B) पाबूजी
(C) मेहाजी (D) तेजाजी

**99. पाबूजी का मुख्य पूजा स्थल कहाँ स्थित है?**
(A) कोलू (B) सैंदरिया
(C) आसींद (D) लोहावट

**100. धन्ना किसके शिष्य थे?**
(A) कबीर (B) रामानन्द
(C) पीपा (D) दादू

**101. विश्नोई सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन थे?**
(A) असनाथजी (B) जांभोजी
(C) लालदास (D) कबीर

**102. संत मावजी ने किस सम्प्रदाय की स्थापना की?**
(A) निष्कलंक (B) अलखिया
(C) लालदासी (D) रामस्नेही

**103. राजस्थान में सर्वंगी सम्प्रदाय का प्रमुख केन्द्र कहाँ स्थित है?**
(A) हरनांवा (B) सांगलिया धूणी
(C) गलताजी (D) हरसोलाव

**104. भर्तृहरि का मेला किस जिले में भरता है?**
(A) अलवर (B) सीकर
(C) बूंदी (D) उदयपुर

**105. बूंदी में 'कजली तीज' पर्व किस माह में मनाया जाता है?**
(A) श्रावण (B) भाद्रपद
(C) चैत्र (D) फाल्गुन

**106. कपिल मुनि का मेला कब भरता है?**
(A) चैत्र पूर्णिमा (B) वैशाख पूर्णिमा
(C) कार्तिक पूर्णिमा (D) चैत्र शुक्ला अष्टमी

**107. आदिवासियों का कुम्भ किस मेले को कहा जाता है?**
(A) बेणेश्वर (B) कैला देवी
(C) भर्तृहरि (D) पुष्कर

**108. 'चूहों के मंदिर' के नाम से विख्यात किस देवी का मंदिर है?**
(A) जीण माता (B) कैला देवी
(C) करणी माता (D) शीतला माता

**109. अबूझ सावा किस तिथि को माना जाता है?**
(A) वैशाख कृष्ण द्वितीया (B) आषाढ़ शुक्ला नवमी
(C) वैशाख शुक्ल तृतीया (D) चैत्र पूर्णिमा

**110. थेवा कला किस जिले से सम्बन्धित है?**
(A) प्रतापगढ़ (B) उदयपुर
(C) चूरू (D) झालावाड़

**111. दांतों के बीच सोने की कील जड़वाना क्या कहलाता है?**
(A) चूँप (B) बारी
(C) बोरला (D) दामणा

**112. राजस्थान में स्त्रियाँ तुलसी, पोत, हमेल इत्यादि आभूषण कहाँ धारण करती हैं?**
(A) नाक (B) कान
(C) गला (D) सिर

**113. 'कसूमल' कौनसा रंग होता है?**
(A) हरा (B) काला
(C) सफेद (D) लाल

**114. अजरख प्रिंट कहाँ की प्रसिद्ध है?**
(A) पाली (B) बाड़मेर
(C) जोधपुर (D) भीलवाड़ा

**115. चाँदी के आभूषणों हेतु 'तारकशी' के लिए कौनसा स्थान प्रसिद्ध है?**
(A) नाथद्वारा (B) खण्डेला
(C) शाहपुरा (D) सांगानेर

**116. 'बणी-ठणी' किस चित्र शैली से सम्बन्धित है?**
(A) किशनगढ़ (B) कोटा
(C) मारवाड़ (D) चावण्ड

**117. पक्षियों को महत्त्व देने वाली चित्र शैली है—**
(A) बूंदी शैली (B) चावण्ड शैली
(C) जयपुर शैली (D) देवगढ़ शैली

**118. सांझी का सम्बन्ध किस देवी से है?**
(A) सीता (B) दुर्गा
(C) ऊषा (D) पार्वती

**119. मांगीलाल मिस्त्री की प्रसिद्धि का क्षेत्र है—**
(A) रावण हत्था (B) कावड़
(C) पूंगी (D) शहनाई

**120. सोजत किसके लिए प्रसिद्ध है?**
(A) गुड़ (B) कम्बल
(C) कावड़ (D) मेहंदी

**121. चारबैंत कहाँ का प्रसिद्ध लोकनाट्य है?**
(A) दौसा (B) टोंक
(C) जैसलमेर (D) कोटा

**122. कच्छी घोड़ी नृत्य किस अवसर पर किया जाता है?**
(A) होली (B) विवाह
(C) तीज (D) नवरात्र

**123. तमाशा कहाँ का प्रसिद्ध लोकनाट्य है?**
(A) भरतपुर (B) सीकर
(C) जयपुर (D) प्रतापगढ़

**124. सिरोही क्षेत्र के गरासियों का प्रसिद्ध नृत्य कौनसा है?**
(A) वालर (B) भवई
(C) तेरहताली (D) घूमर

**125. रांगड़ी और नीमाड़ी किस बोली की उपबोलियाँ हैं?**
(A) मेवाती (B) मालवी
(C) वागड़ी (D) मेवाड़ी

**126. सुनहरी कोठी कहाँ स्थित है?**
(A) टोंक (B) बूंदी
(C) कोटा (D) झुंझुनू

**127. रणकपुर जैन मन्दिर किस जिले में स्थित है?**
(A) सिरोही (B) पाली
(C) राजसमन्द (D) जालोर

**128. चौरासी खम्भों की छतरी कहाँ स्थित है?**
(A) अलवर (B) चूरू
(C) सीकर (D) बूंदी

**129. अरावली पर्वतमाला की सर्वोच्च चोटी की ऊँचाई कितनी है?**
(A) 1848 मीटर (B) 1722 मीटर
(C) 1646 मीटर (D) 1764 मीटर

**130. राजस्थान में सर्वाधिक नदियों वाला संभाग कौनसा है?**
(A) कोटा (B) जोधपुर
(C) जयपुर (D) उदयपुर

**131. राजस्थान का एकीकरण कितने चरणों में पूरा हुआ?**
(A) पाँच (B) छः
(C) सात (D) आठ

**132. राज्य कार्यपालिका का संवैधानिक प्रमुख कौन होता है?**

(A) प्रधानमंत्री (B) राज्यपाल

(C) मुख्यमंत्री (D) राष्ट्रपति

**133. राजस्थान में पूर्णतः बहने वाली नदी कौनसी है?**

(A) चम्बल (B) लूनी

(C) माही (D) बनास

**134. राजस्थान से लगने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई कितनी है?**

(A) 1085 किमी. (B) 1070 किमी.

(C) 6516 किमी. (D) 9516 किमी.

**135. राज्यपाल की नियुक्ति संविधान के किस अनुच्छेद के तहत की जाती है?**

(A) 153 (B) 154

(C) 155 (D) 156

**136. इलेक्ट्रॉन की खोज किसने की?**

(A) रदरफोर्ड (B) नील्स बोर

(C) जे.जे. थॉमसन (D) चैडविक

**137. कौनसी धातु कमरे के ताप पर द्रव्य अवस्था में पायी जाती है?**

(A) पारा (मर्करी) (B) तांबा (कॉपर)

(C) लोहा (आयरन) (D) जिंक

**138. दूध में कौनसा अम्ल होता है?**

(A) टार्टरिक अम्ल (B) लैक्टिक अम्ल

(C) सिट्रिक अम्ल (D) फॉर्मिक अम्ल

**139. जीवों के नामकरण की द्विनाम पद्धति किसने दी?**

(A) अर्नेस्ट हेकल (B) रॉबर्ट व्हिटेकर

(C) कार्ल वास (D) कैरोलस लिनियस

**140. किस कोशिकांग को 'कोशिका का पॉवर हाउस' कहते हैं?**

(A) लाइलोसोम (B) माइटोकॉण्ड्रिया

(C) राइबोसोम (D) कोई नहीं

**141. मानव के किस जनन तंत्र में फैलोपियन ट्यूब (निषेचन स्थल) पायी जाती है?**

(A) मादा जनन तंत्र (B) नर जनन तंत्र

(C) दोनों में (D) दोनों में नहीं

**142. पेड़ को हिलाने पर उसके फल टूटकर गिरने लगते हैं। यह गति के किस नियम पर आधारित है?**

(A) गति का प्रथम नियम (B) गति का द्वितीय नियम

(C) गति का तृतीय नियम (D) कोई नहीं

**143. तारों का टिमटिमाना प्रकाश की किस घटना पर आधारित है?**

(A) परावर्तन (B) अपवर्तन

(C) प्रकीर्णन (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**144. विद्युत धारा का SI मात्रक है—**

(A) न्यूटन (B) एम्पियर

(C) पास्कल (D) जूल

**145. किस वैज्ञानिक को आनुवंशिकता का जनक कहते हैं?**

(A) ग्रेगर जॉन मेण्डले (B) बेटसन

(C) वी. ब्रीज (D) वॉन शेरमाक

**146. तृतीय पीढ़ी के कम्प्यूटर में प्रयुक्त IC का पूरा नाम है—**

(A) Internet Circuits (B) Integrated Circuits

(C) Input Circuits (D) International Circuits

**147. निम्न में से कम्प्यूटर की इनपुट डिवाइस नहीं है—**

(A) की-बोर्ड (B) माउस

(C) मॉनिटर (D) स्कैनर

**148. निम्न में सुमेलित युग्म है—**

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| (A) | Ctrl + z | = | Undo |
| (B) | Ctrl + x | = | Cut |
| (C) | Ctrl + c | = | Copy |

(D) उपर्युक्त सभी

**149. कम्प्यूटर की प्रोग्रामिंग भाषा है—**

(A) C (B) C++

(C) Java (D) उपर्युक्त सभी


**150. WWW का पूरा नाम है—**

(A) World Wide Web (B) World With Web

(C) World Wide Work (D) World Without Web

❑❑❑

**रफ कार्य के लिए स्थान**



# संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन

## समाज में शैक्षणिक उन्नयन हेतु एक प्रयास

**कलबी समाज** के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की वर्तमान पद्धतियों से अवगत कराकर उनमें सफलता सुनिश्चित कराने एवं विभिन्न क्षेत्रों में करियर के अवसरों की जानकारी देने के उद्देश्य से **भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा एवं करियर गाइडेंस सेमिनार** का आयोजन **संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन ( रजिस्टर्ड )** द्वारा **राजस्थान** के सभी कलबी बाहुल्य जिलों (**जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जोधपुर, पाली** एवं **जयपुर**) में प्रतिवर्ष किया जाता है।

**भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा** का प्रारम्भ वर्ष 2005 में **श्री राजाराम कलबी समाज छात्रावास सांचौर** (जालोर) में किया गया। तत्पश्चात इसको **श्री राजाराम कलबी समाज छात्रावास जालोर** में विस्तारित किया गया। सन् 2005 से 2012 तक इस परीक्षा का आयोजन **जालोर** एवं **सांचौर** में स्थित कलबी समाज के छात्रावासों में किया जाता रहा।

शैक्षिक सत्र 2013-14 से परीक्षा कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण बदलाव करते हुए यह परीक्षा राज्य स्तर पर कलबी समाज बाहुल्य जिलों के **ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय** व **राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता** तथा **करियर गाइडेंस सेमिनार** का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है। इससे समाज के विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरुकता बढ़ी फलस्वरूप इस परीक्षा में सहभागी रहे कई विद्यार्थी विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित हुए।

शैक्षिक सत्र 2021-22 में भविष्य ज्ञान ज्योति परीक्षा आयोजन समिति को संस्थागत रूप देते हुए **संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन** के रूप में पंजीकृत करते हुए संस्थान सदस्यों एवं भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से जरूरतमंद प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए **छात्रवृत्ति** के रूप में **आर्थिक सम्बलन** प्रदान करना प्रारम्भ किया।

इस वर्ष (2022-23) में इस परीक्षा का आयोजन **16 अक्टूबर, 2022** को राज्य के **33 परीक्षा केन्द्रों** पर होने जा रहा है जिसमें कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 7950 है। इसके पश्चात जिला स्तरीय एवं **राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता** एवं **करियर गाइडेंस सेमिनार** क्रमश: **जनवरी, 2023** व **फरवरी 2023** में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त क्विज प्रतियोगिता एवं करियर गाइडेंस सेमिनार के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों का चयन **मई, 2023** में किया जाएगा।